

डॉलर की मजबूती से पस्त हुए चांदी सोना, 4 प्रतिशत तक गिरे दाम - 10





एलपीजी संकट के कारण केरल में 40 प्रतिशत रेस्टोरेंट बंद - 10



पूर्वोत्तर में स्थायी शांति ले आई भाजपा कांग्रेस ने स्वार्थी हितों को ऊपर रखा - 11



मसूरी में क्रिकेटर कुलदीप यादव की हल्दी की रस्म पूरी - 12

आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.23
सूर्यास्त 06.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी उपरांत 08:11 एकादशी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 14 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 108, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये

## बीमा हड़पने के लिए वाहन और चालक मुहैया कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

- संगठित गिरोह बनाकर किया जा रहा फर्जीवाड़ा, कार्रवाई की तैयारी
- आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के प्रतिनिधि ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** संगठित गिरोह बनाकर अज्ञात वाहनों से दुर्घटनाओं के मामले में वाहन व चालक मुहैया कराते हुए बीमा कंपनी से फर्जीवाड़ा कर बीमा क्लेम हड़पने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। कंपनी ने कई मामलों की जांच में पाया कि कई वाहनों से हुए हादसों में एक ही चालक का नाम है।

बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि ने मामले में एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की थी। एसएसपी के आदेश पर इज्जत नगर थाने में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि अंकुर सक्सेना ने इज्जत नगर इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह को बताया कि जगदीश, नत्थू सिंह, मोहम्मद शकील, नन्हे, बाबू, रामसरन, रोहित गुप्ता, मोहित मिश्रा, सूर्य प्रताप, जगजीत पता नामालूम ने क्लेम हड़पने के लिए संगठित गिरोह बना रखा है। किसी भी क्लेम के भुगतान से पहले कंपनी सत्यता की जांच कराती है। आरोपियों ने दुर्घटनाओं के मामले में झूठे दावे पेश किए। जिन दुर्घटनाओं के मामले में वाहन अज्ञात होता था या फिर चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होता था ऐसे मामलों में गिरोह के सदस्य वाहन और चालक उपलब्ध कराने का काम करते हैं। आरोप है कि बरेली में ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जिनमें जानबूझकर वाहन और चालक की अज्ञात वाहन से दुर्घटना के मामले में संलिप्तता दर्शायी गई है। थाना फतेहगंज पश्चिमी, कैंट, शाही, इज्जतनगर, शीशगढ़, हाफिजगंज, मीरगंज, भोजीपुरा, भमोरा में दर्ज अनेक मामलों में इन आरोपियों की संलिप्तता पाई गई है। जांच में सामने आया कि दुर्घटना कारित करने वाला वास्तविक वाहन और चालक नहीं हैं। आर्थिक लाभ लेने और फर्जी क्लेम प्राप्त करने के लिए आरोपियों ने दुर्घटना का आरोप अपने नाम लिया है।

## हिरासत से भाग रहे हत्यारोपी अजय का एनकाउंटर

### पुलिस बोली, हथियार बरामदगी के दौरान आरोपी ने की फायरिंग, नए डीजीएम दहशत से मुंबई लौटे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



एनकाउंटर के बाद घायल आरोपी को ले जाती पुलिस।

**एचपीसीएल गोलीकांड**

- एनकाउंटर में आरोपी अजय के दोनों पैर में लगी गोली, पीड़ित परिवारों ने घटना को लेकर लगाए गंभीर आरोप
- पुलिस के साथ एचपी के एक अफसर की भूमिका सवालों में, वारदात के बाद एसएसपी का किया गया तबादला

**अमृत विचार:** हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट में एक दिन पहले हुए उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा हत्याकांड के आरोपी अजय सिंह ने पुलिस पर फायरिंग कर हिरासत से भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसे दोनों पैरों में गोलियां मारकर दबोच लिया। प्लांट में दो अफसरों की हत्या के बाद भारी दहशत का माहौल है। वहीं शासन ने शुक्रवार देर रात एसएसपी का तबादला कर दिया है।

डीजीएम की कुर्सी संभालने भेजे गए लोकेश प्लांट के अंदर डबल मर्डर से आतंकित होकर मुंबई लौट गए हैं। मारे गए डीजीएम व एएम के परिवारों ने बदायूं पुलिस के साथ एचपीसीएल के एक सीनियर अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। फिलहाल प्लांट बंद और कर्मचारियों को अगली सूचना का इंतजार करने को कहा गया है। पुलिस के अनुसार, थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सेंजनी में स्थित एचपीसीएल के प्लांट में गुरुवार में दो अफसरों की हत्या के बाद आरोपी अजय सिंह प्लांट की गाड़ी से भाग निकला था। बाद में उसने सरेंडर कर दिया था। प्लांट कर्मी जीशान अंसारी ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अजय से पूछताछ के बाद पुलिस रात में उसे लेकर घटना में इस्तेमाल हथियार बरामद करने गई थी। उसने छिपाकर रखा गया लोड तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह अजय घायल हो गया। एक सिपाही भी जख्मी हुआ है। दोनों अस्पताल में भर्ती हैं। शुक्रवार को मुंबई से पहुंचे एचपीसीएल के सीईओ व अन्य उच्चाधिकारियों ने प्लांट का जायजा लेकर रिपोर्ट तैयार की। बदायूं प्रशासन का कहना है कि प्लांट शनिवार से फिर शुरू हो जाएगा। लापरवाही को लेकर मूसाझाग थाना प्रभारी के निलंबन के बाद एसएसपी के पीआरओ वीरेंद्र तोमर को तैनाती दी गई है। प्लांट पर पुलिस-पीएसी तैनात है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा आरोपी अजय पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। (संबंधित पेज-3)

**ब्रीफ न्यूज**

### इंडिगो 14 मार्च से घरेलू अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए ईंधन शुल्क वसूलेगी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण विमान ईंधन की कीमतों में आए तेज उछाल के बीच इंडिगो ने शुक्रवार को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर 14 मार्च से 425-2,300 रुपये तक ईंधन शुल्क वसूलने की घोषणा की। इंडिगो के इस कदम से हवाई किराये में बढ़ोतरी हो जाएगी। एयरलाइन ने कहा कि घरेलू उड़ानों और भारतीय उपमहाद्वीप के भीतर ईंधन शुल्क 425 रुपये होगा, जबकि पश्चिम एशिया की तरफ जाने वाली उड़ानों के लिए यह शुल्क 900 रुपये होगा। दक्षिण-पूर्व एशिया और चीन, अफ्रीका और प. एशिया की उड़ानों के लिए ईंधन शुल्क 1,800 होगा जबकि यूरोप की उड़ानों के लिए ईंधन शुल्क 2,300 रुपये होगा।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी के बेटे से पूछताछ की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को 228 करोड़ रुपये के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से पूछताछ की। जय अनमोल अंबानी को शनिवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने बैंक धोखाधड़ी मामले में उनसे पूछताछ की, जिसमें उन पर रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पूर्व सीईओ तथा पूर्व पूर्णकालिक निदेशक रवींद्र सुधाकर समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## भारत को मिली बड़ी राहत, ईरान होर्मुज में जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने को तैयार

### फंसे भारतीय ध्वज वाले 28 जहाजों में से एक रवाना, ओमान में दो भारतीयों की मौत

- विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष से बात की
- ईरान के हमले से अमेरिकी विमान क्रैश, छह सदस्यों की मौत
- ट्रंप ने जी-7 नेताओं से कहा- ईरान आत्मसमर्पण करने वाला है

नई दिल्ली/दुबई, एजेंसी



तेहरान में हुए हमले के बाद मलबे में फंसे जीवित लोगों की तलाश करते बचावकर्मी।

भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि ईरान भारत को सुरक्षित रास्ता देने के लिए तैयार है। भारत और ईरान के बीच दोस्ताना संबंध हैं। नई दिल्ली में फतहाली ने कहा, आप जल्द ऐसा होते देखेंगे। इसी बीच होर्मुज में फंसे भारतीय ध्वज वाले 28 जहाजों में से एक जहाज सुरक्षित रूप से रवाना हो गया।

जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि ओमान से अफ्रीका के लिए गैसोलीन ले जा रहा भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर 'जग प्रकाश' होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व से रवाना हो गया है। वहीं, ओमान के सोहर प्रांत में ड्रोन गिरने से दो भारतीय कामगारों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षा बलों ने एक ड्रोन को मार गिराया था, जिसके बाद उसका मलबा गिरने से यह हादसा हुआ। शुक्रवार को ईरान की राजधानी तेहरान में एक चौक पर शुक्रवार को भीषण विस्फोट हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोग फिलिस्तीनियों के समर्थन में तथा इजराइल के खात्मे के आह्वान पर सरकार द्वारा आयोजित वार्षिक कुद्स दिवस पर इकट्ठा हुए थे।

वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार रात टेलीफोन पर अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से बात की। दोनों नेताओं के बीच यह चौथी बातचीत है, जो ऐसे समय हुई है जब भारत होर्मुज के दोनों ओर खड़े 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के प्रयासों को तेज कर रहा है। वहीं ईरान के हमले में अमेरिकी सेना का ईंधन भरने वाला विमान क्रैश हो गया। जिसमें सभी छह वायुसैनिकों की मौत हो गई है। सेना ने कहा कि घटना की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जी-7 नेताओं से कहा है कि ईरान आत्मसमर्पण करने वाला है और उन्होंने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' में सफलता का दावा किया है। आर्थिक नतीजों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, ट्रंप ने जी-7 नेताओं के साथ डिजिटल बैठक में यह दावा किया।

### अमेरिकी ने 2,500 सैनिक व एक और युद्धपोत को किया रवाना

**दुबई।** अमेरिका ने 2,500 मरीन सैनिक और एक युद्धपोत पश्चिम एशिया की ओर रवाना किया हैं। एक अधिकारी ने बताया कि 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट और युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली को जाने का आदेश दिया गया है। इस कदम से क्षेत्र में सैनिकों की संख्या में भारी वृद्धि होगी।

### अन्य देशों को रूसी तेल खरीद की छूट

**वॉशिंगटन।** तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने अन्य देशों को इस समय समुद्र में फंसे रूसी तेल की खरीद की अस्थायी अनुमति दिए जाने की घोषणा की है। ईरान के खिलाफ अमेरिका एवं इजराइल के युद्ध के जल्द समाप्त होने के तत्काल कोई संकेत नहीं मिलने के बीच यह घोषणा की गई है। अमेरिका ने इससे पहले भारत को इसी तरह की छूट दी थी ताकि वह रूसी तेल खरीद सके।

### मोजतबा पर एक करोड़ डॉलर का इनाम

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई और उनसे जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारियों के बारे में जानकारी देने पर एक करोड़ डॉलर इनाम घोषित किया है। अमेरिकी विदेश विभाग की डिप्लोमैटिक सिक्योरिटी सर्विस ने एक बैनर जारी कर उन लोगों की सूची सार्वजनिक की है जिनके बारे में जानकारी मांगी जा रही है। इस सूची में मोजतबा के अलावा उनके पिता के पूर्व डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ अली असगर और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी का नाम भी शामिल है।

## रसोई गैस पर हंगामा, कार्यवाही 3 बार स्थगित, सीईसी के खिलाफ नोटिस



- सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष से आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द करने का किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पक्षपात व भेदभाव करने सहित अन्य आरोपों को लेकर पद से हटाने का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस संसद के दोनों सदनों में सौंप दिए। सूत्रों ने कहा, हस्ताक्षरकर्ताओं में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के सदस्य शामिल हैं।

वहीं, रसोई गैस की किल्लत को लेकर हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को तीन बार स्थगित करनी पड़ी। ईरान युद्ध के कारण देश में रसोई गैस की हो रही किल्लत को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही पहली बार पूर्वाह्न 11 बजे स्थगित की गई। सदन के दोपहर 12 बजे समवेत होते ही विपक्षी सदस्य फिर हंगामा करने लगे जिस पर कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। अपराह्न दो बजे कार्यवाही फिर शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने इसी मुद्दे पर फिर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 की अतिरिक्त अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का जवाब दिया। इसके बाद अतिरिक्त अनुदान मांगे पारित की गयीं और इससे जुड़ा विनियोग विधेयक 2026 भी पारित किया। इसके बाद भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा, जिस पर पीठासीन कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्रवाई के दौरान विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह किया है कि आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द किया जाए।

### आर्थिक स्थिरीकरण कोष की मदद से वैश्विक चुनौतियों से निपटेगी सरकार : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक स्थिरीकरण कोष (इकोनॉमिक स्टेबिलाइजेशन फंड) सरकारी योजनाओं को पटरी से उतारे बिना पश्चिम एशिया संकट जैसी स्थिति में देश को आर्थिक झटकों को सहन करने में मदद करेगा। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह कोष पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट जैसी आकस्मिक वैश्विक चुनौतियों से लगने वाले झटकों को झेलने के लिए एक 'बफर' के तौर पर काम करेगा। वित्त मंत्री ने देश में एलपीजी की कथित कमी को लेकर सदन में शोरगुल कर रहे विपक्षी सदस्यों पर प्रहार करते हुए कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब मैं अप्रत्याशित वैश्विक स्थिति, आपूर्ति श्रृंखला और एलपीजी (संकट) पर बात कर रही हूं तो वे जवाब सुनने को तैयार नहीं हैं। इसके बजाय वे अपना एजेंडा चला रहे हैं। विपक्ष आसन के करीब आकर हंगामा कर रहा है, यह देश का दुर्भाग्य है।

## ग्रीन कॉरिडोर के बाद अब मेट्रो ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर : योगी

- राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने 1,519 करोड़ की ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का किया लोकार्पण
- फेज-2 का उद्घाटन, फेज-3 व 4 का शिलान्यास, योगी ने कहा- मजबूत होगी कनेक्टिविटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का लोकार्पण करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजधानी लखनऊ को आधुनिक कनेक्टिविटी और तेज यातायात व्यवस्था की बड़ी सौगात देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को 1,519 करोड़ रुपये की लागत से बने ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण का लोकार्पण किया। साथ ही परियोजना के तीसरे और चौथे चरण का शिलान्यास भी किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि ग्रीन कॉरिडोर के बाद अब लखनऊ में मेट्रो ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को भी मंजूरी मिल गई है, जिससे शहर की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

झूलेलाल वाटिका में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ तेजी से आधुनिक राजधानी के रूप में विकसित हो रहा है और अब यह वास्तव में मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं की पहचान को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की राजधानी ऐसी होनी चाहिए जहां नागरिकों का जीवन सुगम हो और लोग कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना करीब 28 किमी लंबी है। इस परियोजना के पूरा होने से जिन मार्गों पर पहले 45 मिनट से एक घंटे तक का समय लगता था, अब वही दूरी मात्र 10 से 15 मिनट में तय की जा सकेगी। इससे शहर में जाम की समस्या भी काफी हद तक कम होगी। योगी ने बताया कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने अलग से बजट नहीं दिया। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर की सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कर उसका उपयोग करते हुए करीब 1,519 करोड़ रुपये की लागत से यह परियोजना तैयार की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ केवल इंफ्रास्ट्रक्चर में ही नहीं, बल्कि रक्षा उत्पादन, टेक्नोलॉजी और निवेश के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना सहित कई रक्षा परियोजनाओं से प्रदेश के युवाओं को नए रोजगार अवसर मिल रहे हैं।

### विकास के लिए जमीन तैयार करता है बुलडोजर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लोग योगी को बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं, लेकिन बुलडोजर केवल तोड़ने का काम नहीं करता बल्कि विकास के लिए जमीन भी तैयार करता है। माफियाओं से मुक्त कराई गई जमीन पर विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे नई परियोजनाओं को गति मिली है। लखनऊ अब केवल इंफ्रास्ट्रक्चर में ही नहीं, बल्कि रक्षा उत्पादन और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## सरकार की एलपीजी जमाखोरों को चेतावनी, पीएनजी अपनाने का आग्रह

- पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता ने कहा एलपीजी उत्पादन 30% बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच सरकार ने शुक्रवार को कहा कि घरों के लिए एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और गैस सिलेंडर के लिए घबराहट में बुकिंग करने की कोई जरूरत नहीं है। इसके साथ ही सरकार ने पीएनजी नेटवर्क के करीब रहने वाले लगभग 60 लाख परिवारों से इस सुविधा को अपनाने का अनुरोध किया है। सरकार ने जमाखोरों व कालाबाजारी करने वालों को चेतावनी दी है कि अगर वे पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पैदा हुए संकट का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पांच मार्च से अब तक घरेलू एलपीजी उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि की जा चुकी है।

## अब वेतन पर आधारित होगा एच-1बी वीजा, सैलरी के आधार पर होगा चयन

- अमेरिका ने 1 अप्रैल से नया फार्म आई-129 लागू किया





**न्यूयार्क।** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब लाभार्थियों का चयन रैंडम के बजाय वेतन के आधार पर होगा। इसके लिए अमेरिका ने फॉर्म आई-129 का नया सिस्टम बनाया है, जिसे 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य कर दिया जाएगा।

कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानकारी देनी होगी। इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। नए सिस्टम में आवेदकों को चार वेतन स्तरों में बांटा जाएगा। जिस पद का वेतन स्तर जितना ऊंचा होगा, चयन प्रक्रिया में उसे उतने अधिक मौके मिलेंगे। मसलन, लेवल-4 के उम्मीदवार को चार मौके मिलेंगे, जबकि लेवल-1 को सिर्फ एक मौका मिलेगा। फॉर्म आई-129 का उपयोग अस्थायी कामगारों को अमेरिका बुलाने के लिए किया जाता है। अमेरिका का श्रम विभाग हर पेशे और शहर के लिए एक मानक वेतन तय करता है। उसी के आधार पर नौकरी को लेवल-1 से लेवल-4 में रखा जाता है।

**सुप्रीम टिप्पणी** शीर्ष कोर्ट ने देश में मासिक धर्म अवकाश नीति लागू करने संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

## पीरियड लीव दी तो महिलाओं को कोई नौकरी नहीं देगा

- अगर ऐसा किया तो महिलाओं का करियर खत्म हो जाएगा : सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी



शीर्ष कोर्ट ने कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म अवकाश देने संबंधी राष्ट्रव्यापी नीति निर्माण का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। कहा कि ऐसी स्थिति में कोई महिलाओं को नौकरी नहीं देगा। ऐसा प्रावधान लैंगिक रूढ़ियों को अनजाने में और मजबूत करेगा।

शीर्ष अदालत ने हालांकि कहा कि सक्षम प्राधिकारी इस संबंध में दिए गए अभ्यावेदन पर विचार कर सकते हैं और सभी संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद मासिक धर्म अवकाश पर नीति बनाने की संभावना की समीक्षा कर सकते हैं। कोर्ट ने जनहित याचिका का निपटारा करते हुए प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अभ्यावेदन पर उचित निर्णय लें। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, ऐसी याचिकाएं डर पैदा करने के लिए दायर की जाती हैं, ये महिलाओं को हीन बताने के लिए, यह कहने के लिए दायर की जाती हैं कि मासिक धर्म उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए, जिसे सवेतन अवकाश देना होगा। पीठ ने शैलेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। सीजेआई ने मासिक धर्म अवकाश को कानून के जरिए अनिवार्य किए जाने के संभावित सामाजिक परिणामों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसी याचिकाएं महिलाओं के बारे में रूढ़ीवादी धारणाओं को अनजाने में और मजबूत कर सकती हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने कहा कि कुछ राज्यों और संस्थानों ने मासिक धर्म अवकाश के अनुरूप पहले ही कदम उठाए हैं।

उन्होंने केरल का उदाहरण दिया, जहां विद्यालयों में इस संबंध में छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि कई निजी कंपनियों ने भी कर्मचारियों को स्वेच्छा से इस प्रकार का अवकाश दिया है। सीजआई ने कहा कि स्वैच्छिक नीतियां स्वागतयोग्य हैं लेकिन उन्होंने ऐसे प्रावधानों को कानून के जरिये अनिवार्य बनाए जाने के प्रति आगाह किया।

### स्वेच्छा से अवकाश दिया जाना बहुत अच्छी बात

उन्होंने कहा, स्वेच्छा से अवकाश दिया जाना बहुत अच्छी बात है लेकिन जैसे ही आप कहेंगे कि यह कानून के तहत अनिवार्य है तो कोई उन्हें नौकरी नहीं देगा। उन्हें न्यायपालिका या सरकारी नौकरियों में कोई नहीं लेगा उनका करियर खत्म हो जाएगा। पीठ ने ऐसी व्यवस्थाओं के कार्यस्थल पर प्रभाव और महिलाओं की पेशेवर प्रगति पर पड़ने वाले संभावित असर को भी रेखांकित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता की दलीलों पर गौर करते हुए कहा कि याचिका दायर करने वाला व्यक्ति संबंधित प्राधिकारियों को पहले ही अभ्यावेदन दे चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### अल्मोड़ा में खुलेगा उत्तराखंड का दूसरा लैंग्वेज ट्रेनिंग सेंटर

**भराड़ीसैंण, अमृत विचार :** विदेशी भाषाएं सीखकर विदेश में नौकरी करने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने अल्मोड़ा में लैंग्वेज ट्रेनिंग सेंटर खोलने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के अंतर्गत वर्तमान में सिर्फ एक सेंटर है। यह सेंटर वर्ष 2023 से देहरादून में संचालित है। अल्मोड़ा में सेंटर खुलने के बाद इस तरह के सेंटरों की प्रदेश में संख्या दो हो जाएगी।

### सहारनपुर में 268 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

**सहारनपुर, एजेंसी :** जिले की नकुड़ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर 268 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 53 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नकुड थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को पुलिस दलों ने एनडीपीएस अधिनियम में वांछित व्यक्ति राशि को गिरफ्तार किया।

### भर्ती का झांसा देकर 2.88 लाख ठगे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस विभाग में भर्ती कराने का झांसा देकर युवक से 2 लाख 88 हजार 500 रुपये ठगने का मामला सामने आया है। बंडा थाना क्षेत्र के गांव कुईया महोलिया निवासी रणजीत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अमरोहा जिला के तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। रणजीत सिंह ने बताया कि उसका छोटा बेटा संदीप सिंह बरेली में रहकर पढ़ाई करता है। वर्ष 2023 में वह एसएससी जीडी का पेपर देने मुरादाबाद गया था। वहीं उसकी मुलाकात नगला मस्जिद जिला अमरोहा निवासी उरमान से हुई थी।

### गिरफ्तारी को पहुंची पुलिस पर किया हमला

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मतवाली पट्टी जग्गू में युवती की हत्या के मामले में ग्राम प्रधान पति की गिरफ्तारी के लिए पहुंची पुलिस टीम का महिलाओं व परिवार के लोगों ने घेराव कर लिया। पुलिस के साथ अभद्रता करते हुए खींचतान की गई और गाड़ियों को घेर लिया। हंगामे के बाद पहुंची अतिरिक्त पुलिस बल ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ग्राम प्रधान के परिवार के तीन लोगों को हिरासत में लिया है। असमोली थाना क्षेत्र के गांव मतवाली पट्टी जग्गू में 19 फरवरी को रूपजहां नाम की मुस्लिम युवती की उसके परिजनों ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। युवती गांव के ही शिवम नाम के युवक से प्रेम करती थी और उसी के साथ रहने की जिद कर रही थी। इसी बात से नाराज होकर परिजनों ने उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद रूपजहां के भाई ने पुलिस को फोन कर बहन की हत्या करने की बात कबूल कर ली थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो सामने आया कि युवती की हत्या में उसके पिता समेत अन्य परिवार के लोग शामिल थे।

### विशेष अभियान में गोकशी के 14,182 मुकदमे दर्ज, संगठित नेटवर्क पर कड़ा प्रहार

# गोहत्या-तस्करी के 35,924 आरोपी गए जेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 13,793 पर गुंडा एक्ट, 178 पर एनएसए व 14,305 मामलों में गैंगस्टर की कार्रवाई

**अमृत विचारः** प्रदेश में गोहत्या और गोतस्करी के खिलाफ यूपी सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक गोकशी के 14,182 मामले दर्ज किए गए हैं और 35,924 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

सरकार ने इस अपराध को रोकने के लिए वर्ष 2020 में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण (संशोधन) अध्यादेश-2020 लागू कर कानून को और कड़ा बनाया। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाकर गोकशी से जुड़े संगठित नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई की है। सरकार का मानना है कि गोवंश की सुरक्षा केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा मुद्दा है। इसी कारण गोकशी और गोतस्करी से जुड़े मामलों में आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

गोकशी के मामलों में गिरफ्तार 35,924 आरोपियों में से 13,793 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, जबकि 178 आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया। इसके अलावा 14,305 मामलों में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर संगठित गिरोहों की कमर तोड़ने की कोशिश की गई है। गोकशी और गोतस्करी पर नियंत्रण के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों द्वारा खुफिया निगरानी, जिलास्तरीय टास्क फोर्स और सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरतते हुए कार्रवाई की जा रही है। कई संवेदनशील जिलों में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई गई है और पशु परिवहन से जुड़े मामलों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा अवैध बूचड़खानों के खिलाफ भी लगातार अभियान चलाया गया है, जिससे प्रदेश में अवैध पशु वध से जुड़े मामलों में कमी आने का दावा किया जा रहा है।

#### 83 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

सरकार ने अपराधियों के आर्थिक नेटवर्क को भी निशाने पर लिया है। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक करीब 83 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। इसमें अवैध कमाई से खरीदी गई जमीन, वाहन और अन्य संपत्तियां भी शामिल हैं।

### लापता हुईं छह छात्राएं हरिद्वार से बरामद

**बिजनौर, एजेंसी,** बिजनौर के चांदपुर में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा देने के बाद स्कूल से निकलीं छह छात्राएं लापता हो गईं। हालांकि बाद में उन्हें बरामद कर लिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बिजनौर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक झा ने बताया कि गुरुवार शाम चांदपुर में परीक्षा केन्द्र से संस्कृत की अंतिम परीक्षा के बाद आस पास के गांव की छह छात्राएं लापता हो गई थीं। उन्होंने बताया कि छात्राओं की तलाश के लिए 11 टीम गठित की गई थीं, सभी को शुक्रवार शाम हरिद्वार से बरामद कर लिया गया है।

झा ने कहा कि छात्राओं ने पुलिस को बताया कि वे आगे की पढ़ाई के लिए यहां आईं थीं। उन्होंने हरिद्वार के रोशनाबाद में तीन हजार रुपये माह पर कमरा भी ले लिया है।

### यूपीपीएससी की एपीओ परीक्षा 22 को आठ जिलों में होगी

**प्रयागराज, एजेंसी :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) प्रारंभिक परीक्षा-2025 का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। यह परीक्षा 22 मार्च को प्रदेश के आठ प्रमुख जिलों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक ही सत्र में संपन्न होगी।

परीक्षा के लिए प्रयागराज के अलावा अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ और वाराणसी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से ओटीआर नंबर के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, पहचान पत्र की मूल प्रति तथा एक छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने से 1 घंटा 30 मिनट पहले प्रवेश दिया जाएगा, जबकि निर्धारित समय से 45 मिनट पहले प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी स्थिति में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 सख्ती से लागू रहेगा। नकल करने, कराने, प्रश्नपत्र लीक करने या किसी प्रकार की साजिश रचने को गंभीर अपराध माना जाएगा। दोषी पाए जाने पर एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना और आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है।

# तमंचे दो, गोलियां भरपूर, 'नतीजे' की तैयारी करके आया था अजय

## डीजीएम सुधीर गुप्ता के सीने में दो गोलियां उतारीं, फिर तमंचा लोड कर एएम हर्षित मिश्रा को उड़ाया

- डीजीएम के शरीर में दो, एएम के एक बुलेट निकला
- एचपी प्लांट में गोलीकांड से बदायूं पर लगा नया दाग

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं

**अमृत विचार :** कालचक्र कोई भी हो, गंगा-रामगंगा की गोद में बसे जिला बदायूं पर अपराधों के स्याह निशान हर बाद और ज्यादा गहरे होकर सामने आते हैं। 70, 80, 90 के दशक में अनगिनत दस्यु-डकैत गिरोहों का आतंक, जर्मनी की महिला पर्यटक से गैंगरेप, 2012 में हुए निर्भया कांड में हैवानियत की हदें पार करने वाले बदायूं के किशोर की गिरफ्तारी और 2014 में पूरे देश को हिला देने वाला कटरा सआदतगंज कांड जैसी मनहूस यादों में अब एचपीसीएल प्लांट में गोलीकांड भी जुड़ गया है। योगी सरकार ने अपेक्षाकृत पिछड़े दातागंज इलाके में रोजगार के अवसर पैदा करने लिए कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट स्थापित कराया था, लेकिन अपराधी मानसिकता के दबंग ने सरेआम प्लांट में घुसकर दो अफसरों को गोलियों से उड़ा दिया।



हमलावर अजय का फाइल फोटो।



मुठभेड़ के बाद जिला अस्पताल में भर्ती आरोपी।

> प्लांट में हत्याएं करने वाले आरोपी से शुक्रवार तड़के पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। जिसमें एक सिपाही को गोली लगी। जवाबी फायरिंग में आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी। आलाकत्ल तमंचा बरामद कर लिया गया है। दोनों को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। आगे की जांच की जा रही है।
>
> -डॉ. देवेंद्र कुमार, सीओ दातागंज

जांच में साफ हुआ है कि हमलावर अजय प्रताप सिंह दो तमंचे और भरपूर कारतूस लेकर प्लांट में दाखिल हुआ था। निकाले जाने के बाद भी प्लांट में उसकी हनक ऐसी थी कि किसी सुरक्षा गार्ड में उसे रोकने की हिम्मत नहीं हुई। अजय ने पहले डीजीएम सुधीर गुप्ता के सीने में एक तमंचे से गोली मारी। उसके बाद उसी तमंचे को लोड कर डीजीएम के गोली सीने में गोली उतारी दी। बेखौफ हमलावर ने फिर तमंचा लोड किया और भागने की कोशिश कर रहे सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा को भी गोली से उड़ा दिया। दोनों अफसरों की मौके पर ही मौत हो गई थी। बताया गया है कि हमलावर बेफिक्र होकर प्लांट से बाहर गया और नाटकीय रूप से पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

पुलिस ने रात में ही वीडियोग्राफी के साथ दोनों अधिकारियों के शवों का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता लगा है कि दोनों अधिकारियों की मौत तीन गोलियों से हुई थी। उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता के सीने में दो गोली लगी और सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा के पीठ में एक गोली लगी थी। सुधीर गुप्ता के सीने में दो गोलियां फंसी मिली हैं। हर्षित मिश्रा के पीठ के बाएं ओर मारी गई गोली उनके दिल को चीरती हुई पार निकल गई। अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्रूर हमलावर अजय सिंह कितनी तैयारी से प्लांट में खून-खराबा करने पहुंचा था। बड़ा सवाल ये है कि दो-दो तमंचे और भरपूर बुलेट उसके पास कहां से आए ? पुलिस फिलहाल आगे की पड़ताल में जुटी नजर आ रही है।

#### गांव में प्लांट की गाड़ी रोककर बैठा था आरोपी

**बदायूं, अमृत विचार :** प्लांट की गाड़ी दूसरी शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारियों लेकर प्लांट पर आ रही थी। बताया जा रहा है कि अजय प्रताप ने रास्ते में गाड़ी रोक ली और धमकाते हुए भीतर बैठ गया था। प्लांट की गाड़ी होने की वजह से सुरक्षाकर्मियों ने चेकिंग न करने की लापरवाही की। प्रतिबंधित क्षेत्र होने के बाद भी न तो कर्मचारियों की डिटेल नोट की गई और न ही देखा गया कि भीतर कौन कौन बैठा है ? एचपीसीएल प्लांट के अफसरों की शिकायतों के बाद बदायूं पुलिस क्यों आंखें मूंदे रही? दबाव किसका था? प्लांट में दो अफसरों की हत्या के बाद कई ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब देने से पुलिस बच रही है, लेकिन इलाके में चर्चाएं लगातार तैर रही हैं। आरोपी अजय सिंह को प्रभावशाली लोगों के संरक्षण की बात सामने आ रही है, जिसकी वजह से उसके हौसले बुलंद थे ।



हत्याकांड के बाद प्लांट पर तैनात किया गया पुलिस बल। ● अमृत विचार

#### एचपीसीएल प्लांट बंद, मुंबई से पहुंचे सीईओ

**दातागंज, अमृत विचार :** सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट में दो अफसरों की दिनदहाड़े हत्या होने से कर्मचारियों में दहशत व्याप्त है। शुक्रवार को भी प्लांट बंद रहा। कर्मचारियों को अगली सूचना तक वापस भेज दिया गया है। पुलिस और पीएसी की सुरक्षा के बीच मुंबई से पहुंचे कंपनी के सीईओ समेत अन्य अधिकारियों ने गुरुवार को प्लांट का निरीक्षण किया। प्रशासन का कहना है कि शनिवार से प्लांट फिर शुरू करा दिया जाएगा। प्लांट से जुड़े कर्मचारियों का कहना है कि डीजीपी सुधीर गुप्ता और सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा की सबके सामने गोली मारकर हत्या करने वाले पूर्व कर्मचारी अजय प्रताप सिंह का इलाके में दबदबा था। वह प्लांट पर अवैध वसूली करता था। प्लांट कर्मचारी उससे खौफ खाते थे। गोलीकांड के बाद से अधिकारी-कर्मचारियों में दहशत और बढ़ गई है। हर कोई डरा-सहमा नजर आ रहा है। असुरक्षित माहौल में कोई भी प्लांट में काम करने की स्थिति में नहीं है। इस वजह से प्लांट बंद कर दिया गया है। शुक्रवार सुबह ड्यूटी पर पहुंचे कर्मचारियों को अग्रिम सूचना तक वापस कर दिया गया। एचपीसीएल के मुंबई से आए सीईओ और अन्य अधिकारियों ने प्लांट के हालात भांपे और सुरक्षाकर्मियों से जरूरी जानकारी जुटाई। कर्मचारी खासे दहशत में दिख रहे हैं।

## अंकिता शर्मा बनीं बदायूं की नई एसएसपी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** शासन ने देर रात सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह को पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक लखनऊ, फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह को पुलिस मुख्यालय से संबद्ध, कासगंज की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा को बदायूं का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया है। वहीं भदोही के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक को फतेहपुर का पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक ओम प्रकाश सिंह-प्रथम को कासगंज का पुलिस अधीक्षक, गोरखपुर के अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी को भदोही व गाजियाबाद के अपर पुलिस आयुक्त पाटिल निमिष दशरथ को गोरखपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।



अंकिता शर्मा।

### भड़काऊ नारे लिखने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**सहारनपुर, एजेंसी,** पुलिस ने सहारनपुर जिले में दिल्ली-देहरादून राजमार्ग के किनारे बिहारीगढ़ इलाके में सड़क पर आपत्तिजनक नारे लिखकर सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने के आरोप में दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को गुरुवार शाम को गिरफ्तार किया गया।

## फर्जी कॉल सेंटर बनाकर ठगी करने वाले 6 लोग गिरफ्तार

- ओटीटी प्लेटफार्म बेचने के नाम पर विदेशी नागरिकों से करोड़ों ठगे

**नोएडा।** अमेरिकियों समेत कई विदेशी नागरिकों को ओटीटी प्लेटफॉर्म बेचने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए नोएडा पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त शैव्या गोयल ने बताया कि पुलिस की एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात को सेक्टर-2 में छापा मारा और मौके से मोहसिन खान, नौशाद, सुनील, मोहम्मद शमी, सेफ राजा और इरफान को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये लोग सी-66 सेक्टर-2 में एक अवैध रूप से कॉल सेंटर चला रहे थे तथा उसके माध्यम से अमेरिका एवं अन्य देशों के नागरिकों को अमेजन प्राइम, हॉटस्टार, नेटफ्लिक्स जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म बेचने के नाम पर उनसे करोड़ों ठगते थे। गोयल ने बताया कि इस गिरोह का सरगना मोहसिन खान है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनके पास से पांच सीपीयू, एक लैपटॉप बरामद किया है।

## अनियांत्रित होकर खाई में गिरी बोलेरो, तीन की गई जान

संवाददाता, बागेश्वर/कालाढूंगी

**अमृत विचारः** कपकोट के बावे बैंड मुनार के पास शुक्रवार देर शाम बोलेरो वाहन के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से वाहन में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए।

इस हादसे में कपकोट के खलझूनी गांव निवासी पानुली देवी (60) पत्नी स्व. प्रताप राम और सुपली देवी (68) पत्नी नरपत राम की मौत हो गई। दीपक राम, नीमा देवी, प्रेमा देवी, जसौदा देवी और कमल चौड़िया घायल हुए हैं। मौके पर पहुंचे एसडीएम अनिल चन्याल और पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू अभियान चलाया। घायलों को सीएचसी कपकोट से बागेश्वर चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहीं, कालाढूंगी में कोटाबाग-बैलपड़ाव मोटर मार्ग पर चांदनी डिपो के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार हिमांशु टम्टा (30) पुत्र आनन्द प्रकाश निवासी सैमलचौड़ बैलपड़ाव की मौत हो गई। तीन भाईयों में सबसे छोटे हिमांशु की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

## अवैध खनन मामले में पूरी चौकी सस्पेंड

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- अवैध खनन का ऑडियो सामने आने पर मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर कार्रवाई

**अमृत विचारः** राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई की गई है। अवैध खनन से संबंधित एक ऑडियो सामने आने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर हरिद्वार जनपद की इकबालपुर पुलिस चौकी (चौकी प्रभारी सहित छह पुलिसकर्मियों) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

इकबालपुर क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े मामले में पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी नवनीत सिंह ने तत्काल निर्णय लेते हुए एसआई नवीन सिंह चौहान (चौकी प्रभारी इकबालपुर), हेड कांस्टेबल विरेन्द्र शर्मा, हेड कांस्टेबल हरेन्द्र, सिपाही विपिन कुमार, देवेश सिंह तथा प्रदीप को सस्पेंड कर दिया। मामले की विस्तृत जांच एसपी देहात को सौंपी गई है। उधर, मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि राज्य में अवैध खनन, भ्रष्टाचार या किसी भी प्रकार की अनियमितता को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, यदि वही अपने कर्तव्यों में लापरवाही या अनुचित गतिविधियों में संलिप्त पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच सुनिश्चित की जाए तथा दोषी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

### महिला व्यापारी से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** काठगोदाम थाना क्षेत्र में एक महिला व्यापारी के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता ने थाना काठगोदाम में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जोशी कॉलोनी, छोटी मुखानी निवासी सुनीता भट्ट (34) पत्नी हरवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका छोटा व्यापार चौपाटी के पास वुडपेकर के निकट चलता है। आरोप है कि 11 मार्च को ज्योति अधिकारी, उसके पति गोपाल अधिकारी, कमल जोशी और 7-8 अन्य लोग उनके कार्यस्थल पर पहुंचे और उनके साथ मारपीट की।







ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# अलविदा की नमाज में उमड़े अकीदतमंद

## शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन के अफसरों ने किया पैदल मार्च, मस्जिदों के पास रही सुरक्षा

संवाददाता, मीरगंज



फतेहगंज पश्चिमी में नमाज अदा करते लोग । ● अमृत विचार



फरीदपुर में एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा , सीओ और एडीएम ने पैदल मार्च किया।

**अमृत विचार:** शुक्रवार को कस्बे और देहात की मस्जिदों में रमजानुल मुबारक के आखिरी जुमें की जुमा अलविदा की नमाज़ शांति सौहार्द और एहतराम के साथ अदा की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में कस्बे और देहात में रोजेदारों और नमाजियों ने मस्जिदों में शिरकत की। गांव दियोरिया अब्दुल्लागंज, रईया नगला, शीशमखेड़ा, सुजातपुर,सिंधौली, परौरा सहित दर्जनों गावों एवं कस्बे की सराय मस्जिद, हरी मस्जिद, शेखों वाली मस्जिद, मदीना मस्जिद , जामा मस्जिद , तहसील रोड वाली मस्जिद आदि में अलविदा जुमा की नमाज़ अदा की । ।एसडीएम आलोक कुमार गांव दुनका और अन्य जगहों की मस्जिदों पर निरीक्षण को पहुंचे। वहीं कुछ जगहों पर पुलिस, हल्का लेखपाल मस्जिदों पर मौजूद रहे।इस दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। नमाज़ अदा करने में हाफिज मोहम्मद नासिर साबरी, पूर्व चेयरमैन इल्यास अंसारी,अली बहादुर, अफशन खान, इकबाल अहमद अंसारी,मोइन आलम,मुतावल्ली आरिफ अंसारी, सिराज अहमद,जियाउल हसन,आयान, मोअज्जम फरीदी वशीर अहमद, नवेद खान सहित क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

**अकीदत से अदा हुई नमाज , सुरक्षा में पुलिस मुस्तैद,**

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** कस्बे की सभी मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह व चौकी प्रभारी अनूप सिंह पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में गश्त करते रहे और व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद, हुसैनी मस्जिद,अजहरी मस्जिद सहित कस्बे की सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के आपसी सहयोग से नमाज शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई।

**भमोरा में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की अलविदा जुमा की नमाज**

**भमोरा,** रमजान माह के अंतिम जुमा के मौके पर भमोरा थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में नमाज अदा की गई। क्षेत्र की मस्जिदों और ईदगाहों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर देश और समाज में अमन-चैन की दुआ मांगी।

थाना क्षेत्र में कुल 28 मस्जिदों के साथ-साथ मजनूपुर, सिरोही और बभियाना में स्थित तीन ईदगाहों पर नमाज अदा की गई। इस दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

**क्योलडिया।** रमजान मुबारक के चौथे जुमा यानी जुमाअलविदा की नमाज क्योलडिया,बहर जागीर ,करूआ साहबगंज, अटंगा चांदपुर, प्रहलादपुर भौवा बाजार, परसरामपुर ठिरिया बन्नो जान सहित पूरे क्षेत्र में जुमा अलविदा की नमाज मस्जिदों में अमन माहौल में अदा की गई ।

**आंवला :** नगर व थाना क्षेत्र के साथ ही नगर पंचायत बिशारतगंज , सिरौली के साथ ग्राम अलीगंज , राजपुर कला में अलविदा की नमाज शांति व अकीदत के साथ अदा की गई । नगर आंवला के साथ ही ग्राम मनौना , दरावनगर , मऊ चन्दपुर में माहे रमज़ान के पवित्र महीने में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज़ शांति व अक़ीदत के साथ अदा की गई ।

नगर आंवला में इस मौके पर नमाज़ियो ने नगर की बारह बुर्जी मस्जिद, राय वाली मस्जिद, हौज़ वाली मस्जिद में नमाज़ अदा की जवकि नगर की फूटा दरवाजा मस्जिद में हाफिज शाहन्याज़ अख्तर ने दोपहर एक बजे अलविदा की नमाज़ अदा कराई।

### मस्जिदों के पास सुरक्षा के कड़े इंतजाम, किया पैदल मार्च

**फरीदपुर, अमृत विचार :** रमजान के आखिरी जुमे शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा करने के लिए सुबह से ही पुलिस ने मस्जिदों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये। एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा, एसडीएम मल्लिका नैन,सीओ संदीप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने नमाज के वक्त नगर की गलियों में निकलकर पैदल मार्च किया। पुलिस कर्मी इस दौरान लोगों से शांति से नमाज अदा करने की बात सहित सभी को सुरक्षित होने का भरोसा भी दिला रहे थे।

### शेरगढ़ में अफसरों ने कस्बे का किया दौरा

**शेरगढ़,अमृत विचार :** कस्बा समेत ग्रामीण अंचलों में जुमा अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान जगह-जगह मस्जिदों में नमाज अदा की गई। नायव तहसीलदार प्रशांत शुक्ला ने आर आई विजेंद्र शर्मा और रामदास के साथ कस्बा समेत क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने पुलिस के साथ पैदल मार्च कर कई मस्जिदों का भी किया। कस्बे की मस्जिद हाजी में हाफिज अयान, मस्जिद आला हजरत में मुफ्ती शाहिद रजा खां,मस्जिद नक्कालान में हाफिज अनीश खां,मस्जिद कांवर में सैय्यद इरफान मियां,मस्जिद मदीना में कारी मुस्तकीम नूरी ने नमाज अदा कराई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार आदित्य गौरव श्रीवास्तव, सत्य सिंह,ओगेंद्र कुमार पुलिस कर्मियों के साथ कस्बा समेत क्षेत्र में भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

### मस्जिदों में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

**नवाबगंज, अमृत विचार :** रमजान के आखिरी जुमा पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में अलविदा की नमाज़ अकीदत और खैर-ओ-बरकत की दुआओं के साथ अदा की गई। नमाज़ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। कस्बे की जामा मस्जिद में कारी मौलाना फरियाद हुसैन, मोती मस्जिद में मौलाना आबिद हुसैन और अशर्फी मस्जिद में मौलाना मोहम्मद नईम ने नमाज़ अदा कराई। नमाज़ के बाद मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई। इसके अलावा कस्बे की अन्य मस्जिदों में भी इमामों की अगुवाई में अलविदा की नमाज़ अदा की गई। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने अलविदा की नमाज़ अदा की। पूरे क्षेत्र में नमाज़ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन ने राहत महसूस की।

## किसानों को दी कई जानकारियां

**नवाबगंज, अमृत विचार:** विकासखंड नवाबगंज के ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी होने पर कार्यक्रम किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के खातों में 18 हजार 640 करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान राशि हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी गई।

# बच्चों के झगड़े में बड़ों में मारपीट, पांच घायल

संवाददाता, हाफिजगंज।

**अमृत विचार:** कस्बा रिठौरा में बच्चों के बीच हुआ मामूली विवाद बड़ों की मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने से एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली हाफिजगंज क्षेत्र के कस्बा रिठौरा वार्ड नंबर-4 निवासी सुरेश चंद्र ने बताया कि 12 मार्च को चार वर्षीय नाती सतीश पड़ोसी हरीश कुमार के छह वर्षीय बेटे के साथ खेल रहा था। खेलते समय दोनों बच्चों के बीच कहासुनी हो गई, जिस पर दूसरे बच्चे ने सतीश को पीटना शुरू कर दिया। जब वेबच्चों को छुड़ाने पहुंचे तो हरीश कुमार, पत्नी पूजा और अन्य लोग ने मारपीट शुरू कर दी। सुरेश चंद्र को पिटता देख परिवार के अन्य सदस्य बचाने पहुंचे तो उन्हें भी पीटा गया। मारपीट में सावित्री देवी, अनिल कुमार, सुरेश चंद्र, सुमन और सतीश घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी नवाबगंज भेजा।

**भमोरा**, ग्राम पंचायत सेंधी निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि गुरुवार शाम उसका भाई पुष्पेंद्र बरेली से काम कर घर लौट रहा था तभी सेंधा सेंधी के बीच पहुंचने पर गांव निवासी पप्पू, जोगिंदर व मनोज ने उसे घेर लिया और भूमि विवाद को लेकर उक्त तीनों ने बुरी तरह लाठी डंडों से मारपीट की जिसमें पुष्पेंद्र के गुम चोटें आई हैं।

**फरीदपुरः** बेटी के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की बचाने आई पत्नी को भी पीट दिया। छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**बिशारतगंज**, । होली चौक पर बैठे बुजुर्ग पर जानलेवा हमला कर पीटकर घायल कर दिया गया। मामले में रिपोर्टदर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर बुजुर्ग के रहने वाले रामगोपाल ने बताया है कि गुरुवार की शाम वह गांव में होली चौक के पास बैठे थे अचानक एक व्यक्ति ने उन पर हमला कर दिया इसके बाद पीछे से आरोपी के परिवार के ही तीन लोग और आ गए । जिन्होंने उन्हें पीटकर घायल कर दिया।

पुलिस ने तहरीर पर गांव के ही जयपाल,धर्मपाल,दिनेश और संतोष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005




● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
| 29. | ग्राम वकैनिया चम्पतपुर मन्दिर (महाराज जी) पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 30. | ग्राम कुरतरा में सरकारी स्कूल के पास आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 31. | ग्राम वगरऊ में सरकारी स्कूल के पास आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 32. | ग्राम कनूनगला में पंचायत घर के पास आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |

निविदा प्रपत्र का शुल्क बैक ड्राफ्ट/डमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से स्वीकार होगा जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.) के पक्ष में देय होगा।,2. समस्त ठेकेदारों को पंजीयन प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. रजि. एवं लेवर डिपार्टमेन्ट रजि. व पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी। 3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नही होगा। 4. निविदा को स्वीकृत करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. प्रत्येक निविदा दाता द्वारा रुपये 100/- के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र व 10/- स्टाम्प पेपर पर 90 दिन वेलिडीटी निविदा के साथ संलग्न कराना होगा। 6. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपखनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषय भूतत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के सासनादेश संख्या 3885/65-2015-292/2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। 7. पंजीकृत ठेकेदारों को ठेका दिये जाने के पश्चात कभी भी संज्ञान में आता है कि ठेकेदार सक्रिय रुप से माफिया गतिविधियों में असामाजिक कार्यों एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उस प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम अधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। 8. किसी भी वाद विवाद की स्थिति मे जनपद न्यायालय बरेली ही मान्य होगा। 9. निविदा फार्म क्रय किये जाने सामग्री से सम्बन्धित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.) से दिनांक 09.03.2026 से दिनांक 30.03.2026 मध्यान्ह 12.00 बजे तक निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। 10. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.) बरेली के पक्ष में बन्धक हो मोहरबन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कराना अनिवार्य है तथा 5 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.) बरेली के पक्ष में बन्धक हो निविदा स्वीकृत उपरान्त अनुबन्ध के समय जमा करनी अनिवार्य होगी जोकि कार्य समाप्ति के बाद कार्य की गुणवत्ता ठीक होने पर एक वर्ष उपरान्त वापस की जायेगी।

खण्ड विकास अधिकारी
फतेहगंज (प.) बरेली

ब्लाक प्रमुख
फतेहगंज (प.) बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीनगर जामा मस्जिद बंद करने की निंदा

**श्रीनगर।** अंजुमन औकाफ जामा मस्जिद ने श्रीनगर के पुराने इलाके में स्थित ऐतिहासिक जामा मस्जिद को रमजान के आखिरी शुक्रवार (अलविदा जुमा) को बंद किए जाने की निंदा की। अंजुमन औकाफ का आरोप है कि पिछले सात वर्षों के दौरान जामा मस्जिद को कई बार बंद किया जा चुका है। अंजुमन औकाफ जामा मस्जिद श्रीनगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद का प्रबंधन करने वाली संस्था है, जो मीरवाइज-ए-कश्मीर मौलवी उमर फारूक के नेतृत्व में ईद जैसे अवसरों पर कार्यक्रमों की व्यवस्था करती है।

### रिश्वत लेने में एसआई को चार साल की सजा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कैथल की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने भ्रष्टाचार के एक मामले में सहायक उप-निरीक्षक बलविन्द्र सिंह को दोषी ठहराते हुए चार वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को पांच माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले के अनुसार संदीप कुमार ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अंबाला को शिकायत दी थी कि उसकी माता कृष्णा देवी के खिलाफ दर्ज लड़ाई-झगड़े के एक मामले में गिरफ्तारी का दबाव बनाकर आरोपी बलबिन्द्र सिंह ने 60 हजार रुपये रिश्वत वसूली।

### कोलकाता में आज मोदी की रैली

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रैली को संबोधित करने के साथ ही लगभग 18,680 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। एसआईआर के बाद 28 फरवरी को मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत राज्य का उनका यह पहला दौरा होगा। भाजपा द्वारा आयोजित यह रैली विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा अभियान के समापन का प्रतीक होगी।

### 18 हजार करोड़ रुपये किसानों को भेजे

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आज के दिन पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के करोड़ों किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ रूपये की धनराशि भेज दी गयी है। वह गुवाहाटी में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन देश के किसानों और असम के चाय बागानों में काम करने वाले मज़दूरों के लिए भी बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है।

# महुआ मोइत्रा मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

## नकद लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोप से जुड़ा है मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के दिसंबर 2025 के उस आदेश के एक हिस्से पर शुक्रवार को रोक लगा दी, जिसमें लोकपाल को नकद लेकर सवाल पूछने के कथित मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को आरोपपत्र दाखिल करने की मंजूरी देने पर विचार करने को कहा गया था। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ लोकपाल की याचिका पर मोइत्रा, सीबीआई और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद एवं शिकायतकर्ता निशिकांत दुबे को नोटिस जारी किए।



लोकपाल ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें व्यवस्था दी गयी थी कि लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के तहत आरोप-पत्र दाखिल करने और अभियोजन शुरू करने के लिए अलग-अलग अनुमति लेने का प्रावधान नहीं है। उच्च न्यायालय ने मोइत्रा के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए सीबीआई को मंजूरी देने संबंधी लोकपाल के आदेश को 19 दिसंबर, 2025 को निरस्त कर दिया था। न्यायालय ने उस आदेश के पैरा 89 में कहा था, हमने लोकपाल से अनुरोध किया है कि वह संबंधित प्रावधानों के अनुसार एक महीने के भीतर लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम की धारा 20 के तहत स्वीकृति प्रदान करने पर विचार करें।

सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने लोकपाल अधिनियम की धारा 20 के तहत उल्लिखित शक्तियों और प्रक्रियाओं से संबंधित याचिकाओं पर नोटिस जारी करते हुए उच्च न्यायालय के फैसले के पैरा 89 पर रोक लगा दी। कथित तौर पर पैसे लेकर सवाल पूछने का यह मामला इस आरोप से संबंधित है कि मोइत्रा ने एक व्यवसायी से नकदी और उपहार के बदले सदन में सवाल पूछे थे। उच्च न्यायालय ने मोइत्रा की उस याचिका पर फैसला सुनाया था जिसमें तृणमूल सांसद ने लोकपाल के 12 नवंबर, 2025 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कथित ''नकदी के बदले सवाल पूछने'' से जुड़े मामले में उनके खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करने की सीबीआई को अनुमति दी गई थी। लोकपाल ने उच्च न्यायालय द्वारा की गयी व्याख्या को चुनौती देते हुए शीर्ष कोर्ट में याचिका दायर की थी।

### डेटा संरक्षण मामले में केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम-2023 के एक प्रावधान की वैधता को चुनौती देने वाली एक नई याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। पीठ ने याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया और इसे इसी तरह के मुद्दे उठाने वाली लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ दिया। अंजलि भारद्वाज और अमृता जौहरी की ओर से दायर की गई याचिका में यह निर्देश देने की मांग की गई है कि सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 के तहत प्राप्त और दर्ज किए गए व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण, विश्लेषण, प्रसार या पुनर्प्रकाशन पर 2023 अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होंगे।

### संसद सुरक्षा चूक की आरोपी को परीक्षा देने की मंजूरी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2023 के संसद सुरक्षा चूक मामले में जमानत पर रिहा नीलम आजाद को एलएलबी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा देने के उद्देश्य से राजधानी से बाहर जाने की शुक्रवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने आजाद की जमानत की शर्तों में संशोधन किया और उसे प्रवेश परीक्षा की तारीख की जानकारी जांच अधिकारी को देने को कहा। अदालत ने दो जुलाई, 2025 को आजाद को सशर्त जमानत दी थी, जिनमें यह शर्त भी शामिल थी कि वह अदालत की अनुमति के बिना दिल्ली नहीं छोड़ेगी। अपनी अर्जी में, आजाद ने अदालत से जमानत की शर्तों में संशोधन करने का आग्रह किया और कहा कि वह एक गरीब परिवार से है और हरियाणा स्थित अपने पैतृक गांव में जाकर रहना चाहती है।

### दीवानी जज के लिए आवेदन की समय सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को सभी उच्च न्यायालयों से कहा कि वे दीवानी न्यायाधीश (कनिष्ठ वर्ग) के पद पर भर्ती के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को 30 अप्रैल तक बढ़ा दें। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह तथा न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की विशेष पीठ चार याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इन याचिकाओं में से कुछ में पहले के उस निर्णय की समीक्षा का अनुरोध किया जा रहा है, जिसमें न्यायिक सेवा में प्रवेश के लिए तीन साल के कानूनी पेशे की अनिवार्यता तय की गई थी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 20 मई को नये विधि स्नातकों को प्रवेश-स्तरीय न्यायिक सेवा परीक्षा में बैठने से रोक दिया था।

# ममता ने की 5 समुदायों के लिए विकास बोर्ड बनाने की घोषणा

**कोलकाता, एजेंसी**



- विधानसभा चुनाव से पहले एससी-एसटी, ओबीसी को लुभाने का एलान

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनकी सरकार विशेष समुदायों के लिए शीघ्र ही पांच नए सांस्कृतिक और विकास बोर्डों का गठन करेगी। माना जा रहा है कि यह कदम विशेष तौर पर राजनीतिक रूप से संवेदनशील पश्चिमी जिलों में प्रमुख सामाजिक समूहों के बीच जनाधार को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। ममता ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारी सरकार की मंशा जल्द ही मुंडा (अनुसूचित जनजाति), कोरा (अनुसूचित जनजाति), डोम (अनुसूचित जाति), कुंभकार (अन्य पिछड़ा वर्ग) और सदगोपे (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदायों के लिए पांच नए सांस्कृतिक एवं विकास बोर्डों का गठन करने की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये समुदाय राज्य की जीवंत संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा, बोर्ड उनकी अनूठी भाषाओं और परंपराओं की रक्षा करते हुए उनके लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2013 से उनकी सरकार ने सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए कई ऐसे बोर्ड गठित किए हैं। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कोई भी समुदाय पीछे न छूटे।

मुंडा, कोरा और डोम समुदायों का एक बड़ा वर्ग पश्चिमी जिलों, बांकुरा, पुरुलिया, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर के कुछ हिस्सों में रहता है, जबकि सदगोप और कुंभकार समुदाय कई जिलों में फैले हुए हैं। पश्चिमी जिले में परंपरागत रूप से भाजपा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच चुनावी मुकाबला रहा है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इस क्षेत्र में व्यापक जीत हासिल की थी, हालांकि सत्तारूढ़ दल 2021 के चुनाव में कुछ हद तक अपनी पकड़ मजबूत करने में कामयाब रहा।

# इजराइल की गरिमा, संप्रभुता स्वतंत्रता बिकाऊ नहीं: हर्जोग

**यरूशलम, एजेंसी**

- प्रधानमंत्री नेतन्याहू को क्षमादान देने के ट्रंप के अनुरोध पर बोले इजराइली राष्ट्रपति

इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्ज़ोग ने भ्रष्टाचार के मुकदमे में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को क्षमादान देने के लिए अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बार-बार की गई अपील का जवाब देते हुए कहा है कि इजराइल की गरिमा, स्वतंत्रता और संप्रभुता बिकाऊ नहीं है।

ट्रंप ने नेतन्याहू के खिलाफ आपराधिक भ्रष्टाचार मुकदमे में उन्हें क्षमादान जारी करने में अब तक की विफलता को लेकर हर्ज़ोग पर बार-बार मौखिक हमले किए हैं। बुधवार को ट्रंप ने क्षमादान अनुरोध से निपटने के तरीके को लेकर हर्जोग को कमजोर बताया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को बेत ज़ारज़िर शहर के दौरे के दौरान हर्ज़ोग ने ट्रंप की बार-बार की गई टिप्पणियों को इजराइल देश के शासन और संप्रभुता के प्रतीकों पर एक स्पष्ट हमला करार दिया। हर्ज़ोग ने कहा, मैं अपनी प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा चाहता हूं। हमारी गरिमा, स्वतंत्रता और संप्रभुता किसी को भी बेची नहीं जा सकती। रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया, जब क्षमादान का अनुरोध प्राप्त होगा, तो मैं निश्चित रूप से पूरी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से - बिना किसी दबाव या शोर-शराबे के - स्पष्ट मन और निर्मल भाव से उस पर विचार करूंगा। इजराइली राष्ट्रपति ने यह भी संकेत दिया कि नेतन्याहू को ट्रंप के खिलाफ कड़ा रुख अपनाना चाहिए था। विभिन्न मुद्दों पर दशकों से चले आ रहे राजनीतिक और कानूनी मतभेदों और इज़राइल देश के शासन और संप्रभुता के प्रतीकों पर खुलेआम हमले में अंतर है।

# ऑस्ट्रेलिया में मिलीं मॉनिटर लिजार्ड की तीन नई प्रजातियां

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने क्वींसलैंड राज्य में चट्टानों पर रहने वाली मॉनिटर लिजार्ड (मॉनिटर छिपकली) की तीन नई प्रजातियों की पहचान की है। यह खोज ऑस्ट्रेलिया के सवाना क्षेत्रों में इस प्रकार के सरीसृपों का पहला आधिकारिक रिकॉर्ड है। विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि इन तीनों प्रजातियों को उनके विशिष्ट रंगों और सवाना परिदृश्य की चट्टानों के अनुकूल खुद को ढालने की क्षमता के आधार पर पहचाना गया है। इनके नाम रेनबो रॉक मॉनिटर, ऑरेंज-हेडेड रॉक मॉनिटर, येलो-हेडेड रॉक मॉनिटर रखे गए हैं। विस्तृत आनुवंशिक विश्लेषण से यह पुष्टि हुई है कि ये तीनों आबादी अलग-अलग प्रजातियां हैं, जो लाखों वर्षों से स्वतंत्र रूप से विकसित हो रही हैं। यह खोज 'जूलॉजिकल जर्नल ऑफ द लिनियन सोसाइटी'' में भी प्रकाशित हुई है।

# शासन की तीनों शाखाएं जवाबदेह हों : प्रियंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कानून मंत्री से आग्रह, भविष्य में ऐसी न्यायिक तानाशाही या अतिक्रमण की स्थिति न बने

शिवसेना (उबाठा) की राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को कहा कि शासन की तीनों शाखाएं विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका कानून के समक्ष समान, जवाबदेह और जांच के लिए खुली होनी चाहिए। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान उन्होंने एनसीईआरटी की एक पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार विषय पर एक अध्याय को लेकर उठे विवाद का मुद्दा उठाया।

इस संबंध में उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने निर्देश जारी किए थे और इस मुद्दे पर एनसीईआरटी ने माफीनामा जारी किया था। चतुर्वेदी ने कहा, 11 मार्च को उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस अध्याय को लिखने वाले शिक्षाविदों की शैक्षणिक मामलों, वित्त पोषित संस्थानों और सरकारी संस्थानों में कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर न्यायपालिका की आलोचना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई से संबंधित अदालत के निर्देश भी न्यायिक अतिक्रमण की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि शासन की तीनों शाखाएं कानून के समक्ष समान हों, जवाबदेह हों और उनकी जांच हो सके। यदि इनमें किसी प्रकार की असमानता या सर्वोच्चता की स्थिति बनती है तो यह देश के लिए समस्या पैदा कर सकती है। राज्यसभा सदस्य ने कानून मंत्री से आग्रह किया कि भविष्य में ऐसी न्यायिक तानाशाही या न्यायिक अतिक्रमण की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर निशाना बनाए जाने पर उसकी नाराजगी समझी जा सकती है, लेकिन कानून के सामने सभी को समान रूप से जवाबदेह होना चाहिए।

### ट्रांसजेंडर की उपयुक्त परिभाषा के लिए विधेयक पेश

नई दिल्ली। ट्रांसजेंडर शब्द की उपयुक्त परिभाषा देने और इस वर्ग के लोगों को नुकसान पहुंचाने के मामले में सजा के प्रावधान वाला एक विधेयक शुक्रवार को लोकसभा में पेश किया गया। ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन बिल सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने पेश किया। विधेयक में कहा गया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की सही और सुनिश्चित पहचान करना और उनकी सुरक्षा के लिए एक उपयुक्त परिभाषा देना जरूरी है ताकि उन्हें मौजूदा कानून का फायदा मिल सके। इसमें कहा गया है कि 2019 के मौजूदा कानून के तहत दी जाने वाली सुरक्षा और फायदे बहुत व्यापक हैं, और इसलिए इस बात का ध्यान रखना होगा कि ऐसी पहचान किसी व्यक्ति की किसी खासियत या निजी पसंद या खुद की बताई गई पहचान के आधार पर नहीं दी जा सकती। संशोधन विधेयक में एक नया उपखंड जोड़ा गया है, जिसके अनुसार ट्रांसजेंडर व्यक्ति वह होगा जिसकी सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान 'किन्नर', 'हिजड़ा' अथवा 'जोगता' के रूप में हो, या जन्म से ही पुरुष या महिला के शारीरिक विकास की तुलना में एक या अधिक लैंगिक विशेषताओं में जन्मजात भिन्नता वाला हो। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति या बच्चा, जिसे बलपूर्वक, प्रलोभन देकर, छल या सहमति के साथ या बिना सहमति के, अंग-भंग, नसबंदी, या किसी भी शल्य चिकित्सा, रासायनिक या हार्मोनल प्रक्रिया या अन्य तरीके से ट्रांसजेंडर पहचान को अपनाने, स्वीकार करने या इसे प्रदर्शित करने के लिए मजबूर किया गया हो, वह भी इस परिभाषा के दायरे में आएगा। विधेयक में नुकसान की गंभीरता, क्षति की अपरिवर्तनीयता और बाल पीड़ितों को ध्यान में रखते हुए, श्रेणीबद्ध दंडों के साथ विशिष्ट अपराधों को परिभाषित करने का प्रस्ताव किया गया है।

# अमेरिका और भारत महत्वपूर्ण खनिज समझौते को अंतिम रूप देने के करीब

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर बोले-अगले कुछ महीनों में बड़ी घोषणा की उम्मीद

अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका और भारत महत्वपूर्ण खनिज समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं और अगले कुछ महीनों में एक बड़ी घोषणा होने की उम्मीद है। उन्होंने जोर दिया कि पिछले कुछ महीनों में अमेरिका-भारत संबंधों में उल्लेखनीय कामयाबी देखी गई है, जिसमें एक नया व्यापार समझौता भी शामिल है।

उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि अमेरिका और भारत एक महत्वपूर्ण खनिज समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं, जिससे उन्नत विनिर्माण, ऊर्जा प्रणालियों और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए आवश्यक आपूर्ति शृंखलाओं को सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। अगले कुछ महीनों में, हम इस संबंध में एक बड़ी घोषणा की उम्मीद करते हैं। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित करते हुए गोर ने कहा कि अमेरिका और भारत का जुड़ाव बढ़ा है। गोर ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, दोनों देशों के बीच संबंधों में ऐतिहासिक ऊंचाइयों तक पहुंचने और ऐसे परिणाम देने की क्षमता है जो हमने पहले कभी नहीं देखे हैं। फरवरी में, भारत और अमेरिका ने एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर पहुंचने की घोषणा की, जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और तेल की कीमतों में वृद्धि के बीच, गोर ने कहा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी करने की कोशिश कर रहा है। गोर ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ने हाल में भारत को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिन की छूट क्यों दी।

# हमले में मारी गई ईरानी छात्राओं के परिजनों को मदद देगा चीन

**बीजिंग, एजेंसी**

- 2 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता देने की घोषणा की

चीन ने शुक्रवार को कहा कि वह अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान के एक प्राथमिक विद्यालय पर किए गए हमले में जान गंवाने वाली छात्राओं के परिजनों को आपात मानवीय सहायता के रूप में 2,00,000 अमेरिकी डॉलर की सहायता प्रदान करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां मीडिया को बताया कि हाल ही में ईरान के एक प्राथमिक विद्यालय पर हुए हमले में जान गंवाने वाली छात्राओं के प्रति उनका देश गहरी संवेदना व्यक्त करता है और उनके परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति जताता है।

उन्होंने कहा कि चीन की रेड क्रॉस सोसाइटी ने ईरानी 'रेड क्रिसेंट सोसाइटी' को आपातकालीन मानवीय सहायता के रूप में 2,00,000 अमेरिकी डॉलर प्रदान करने का निर्णय लिया है। गुओ ने कहा कि चीन नागरिकों और असैन्य लक्ष्यों पर अंधाधुंध हमलों की निंदा करता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों को निशाना बनाना और बच्चों को नुकसान पहुंचाना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक मार्च को जारी बयान के अनुसार, दक्षिणी ईरान के मीनाब में मिसाइलों के हमले में लड़कियों का एक प्राथमिक विद्यालय नष्ट हो गया, जिसमें लगभग 150 लोग मारे गए और लगभग 100 घायल हो गए।

## सिलेंडर मिले तो चूल्हा जले...



देश में एलपीजी आपूर्ति संकट के बीच मुंबई में शुक्रवार को एलपीजी सिलेंडर के लिए कतार में इंतजार करते लोग।

# राज्यों के मनरेगा बकाया को 30,000 करोड़ का प्रावधान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अनुपूरक मांगों पर हुई चर्चा के जवाब में बोलीं वित्तमंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मनरेगा के लंबित बिलों के निपटान को लेकर विपक्षी सदस्यों की आशंकाओं को खरिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि इस बार के अनुपूरक मांगों की दूसरी सूची में इसके लिए 30,000 करोड़ रुपये के प्रावधान किये गये हैं जिससे इस साल 31 मार्च तक के बकाये का भुगतान हो जाएगा।

सीतारमण ने लोकसभा में चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अनुदान की अनुपूरक मांगों की दूसरी सूची और उससे संबंधित विनियोग प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कुछ सदस्यों ने मनरेगा के भुगतान को लेकर चिंता व्यक्त की है इसलिए उनको बताना आवश्यक है कि जीरामजी कानून अप्रैल से शुरु होगा। सरकार ने मरनेगा के लंबित मामलों के भुगतान के लिए इस सूची में व्यवस्था कर दी है। उन्होंने विकसित भारत जी राम जी विधेयक के बाद राज्यों के लंबित बलों को लेकर विपक्षी सदस्यों की चिंता के जवाब में कहा, जब हम वीबी-जी राम-जी बिल लेकर आए थे, उस समय 95,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था।

# 183 करोड़ रुपये के डिजिटल पोंजी घोटाले में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को बताया कि लगभग 183 करोड़ रुपये के डिजिटल पोंजी निवेश घोटाले के मामले में दो फरार आरोपियों को गुजरात के भरूच जिले से गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी दुबई से नेपाल के रास्ते भारत लौटने के बाद वहां छिपे हुए थे। ईडी के अनुसार, सुधीर दलसुखभाई कोटाडिया और उमंग शांतिभाई कोटाडिया को 11 मार्च को पीएमएलए के तहत हिरासत में लिया गया। ईडी ने एक बयान में कहा कि वे क्यूएफओएन ऐप लिमिटेड और उससे जुड़ी अन्य संस्थाओं के जरिए चलाए जा रहे कथित फर्जी डिजिटल निवेश (पोंजी) योजना से संबंधित मामले में आरोपी हैं।

**बैठक** | सरकार्यवाह बोले- समाज को जोड़ने के लिए किया जा रहा व्यापक जनसंपर्क

# अपने शताब्दी वर्ष में शाखाओं का विस्तार करेगा संघ

**चंडीगढ़, एजेंसी**



- केरल में 55 हजार से अधिक मुस्लिम और 54 हजार से अधिक ईसाई परिवारों तक पहुंचे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह सी. आर. मुकुंद ने शुक्रवार को कहा कि आरएसएस के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देश में शाखाओं के विस्तार और व्यापक जनसंपर्क के जरिये समाज की सहभागिता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। संघ में निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की हरियाणा के समालखा में आयोजित तीन दिवसीय बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी।

मुकुंद ने बताया कि जनसंपर्क अभियान के तहत केरल में 55 हजार से अधिक मुस्लिम और 54 हजार से अधिक ईसाई परिवारों तक संगठन के स्वयंसेवक पहुंचे। बैठक का उद्घाटन आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने किया। भाजपा के अध्यक्ष नितिन नबीन और पार्टी के 32 सहयोगी संगठनों के अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में भाग लेंगे। मुकुंद ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, युवा सम्मेलन, गणमान्य नागरिकों की बैठकें और सामाजिक समरसता कार्यक्रम शामिल हैं।

अपने संबोधन में, मुकुंद ने संघ के पंच परिवर्तन अभियान का भी उल्लेख किया। इसके तहत सामाजिक समरसता, परिवार व्यवस्था का संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वत्व और स्वावलंबन तथा नागरिक और संवैधानिक कर्तव्यों के पालन पर जोर दिया जा रहा है।

### प्रमुख नागरिकों को सक्रिय भूमिका के लिए जोड़ा जाएगा

उन्होंने कहा कि संघ का प्रयास है कि विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख नागरिकों को समुदाय के नेतृत्व में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जोड़ा जाए। तीन दिवसीय बैठक में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। कुल 1,487 कार्यकर्ता इस बैठक में भाग ले रहे हैं। इसके अलावा संघ से जुड़े 32 सहयोगी संगठनों के अध्यक्ष, महासचिव और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। मुकुंद ने कहा कि सरकार के प्रयासों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। उन्होंने मणिपुर में राजनीतिक स्थिरता आने की भी बात कही। बांग्लादेश में स्थिति पर उन्होंने कहा कि वहां हालात अभी भी चुनौतीपूर्ण हैं और संघ वहां की सरकार से हिंदुओं के अधिकारों व हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील कर रहा है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर उन्होंने कहा कि भारतीय समाज की यह कामना है कि यह संकट जल्द समाप्त हो।



माता-पिता केवल अच्छी सलाह दे सकते हैं या बच्चों को सही राह दिखा सकते हैं, लेकिन किसी व्यक्ति के चरित्र का अंतिम निर्माण उसके स्वयं के हाथों में होता है।
-ऐनी फ्रैंक, जर्मन डायरी लेखिका



# जांच तो एक बहाना है

ट्रंप ने भारत समेत 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ अपने उस व्यापार कानून की धारा 301 के तहत नई व्यापारिक जांच शुरू करने की घोषणा की है, जिसके माध्यम से अमेरिका किसी भी देश की व्यापारिक नीतियों को 'अनुचित' ठहराते हुए एकतरफा टैरिफ बढ़ा सकता है। यह जांच अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए मनमाने पुराने टैरिफ को रद्द करने के बाद उसको दूसरे तरीकों से लागू करने तथा अमेरिकी संरक्षणवाद की वापसी का बहाना है। धारा 301 के तहत अमेरिका सैद्धांतिक रूप से काफी ऊंचे टैरिफ लगा सकता है, वैश्विक प्रतिक्रिया और प्रतिशोधात्मक टैरिफ के बढ़ते जोखिम को नजरअंदाज कर वह 25 से 100 प्रतिशत तक टैरिफ थोप सकता है।

अमेरिका ने कनाडा को इस सूची में शामिल नहीं किया है। इसका प्रमुख कारण उत्तरी अमेरिकी व्यापार ढांचे और आपूर्ति श्रृंखला में दोनों देशों की गहरी परस्पर निर्भरता है। इससे यह साफ है कि यह जांच पूरी तरह आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और राजनीतिक भी है, दरअसल ट्रंप प्रशासन की व्यापक रणनीति अमेरिकी उद्योगों को पुनर्जीवित करने और उत्पादन को वापस अमेरिका लाने की है। 'री-शोरिंग' या 'फ्रेंड-शोरिंग' की यह नीति अमेरिकी श्रमिकों के लिए नौकरियां पैदा करने के उद्देश्य से प्रस्तुत की जाती है, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था की जटिल आपूर्ति श्रृंखलाओं के दौर में केवल टैरिफ के सहारे उद्योगों को वापस लाना आसान नहीं है। ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक शीघ्र प्रस्तावित है, संभव है कि यह कदम चीन के साथ होने वाली वार्ताओं में दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा हो। अमेरिका का आरोप है कि भारत समेत लगभग 60 देशों की औद्योगिक नीतियां अमेरिकी उद्योग और व्यापार को नुकसान पहुंचा रही हैं। विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र में 'अतिरिक्त उत्पादन क्षमता' और 'डंपिंग' को लेकर चिंता जताई गई है। सच यह है कि आज के वैश्विक बाजार में उत्पादन क्षमता बढ़ाना किसी भी देश की औद्योगिक रणनीति का स्वाभाविक हिस्सा है। भारत की उत्पादन नीतियां जैसे विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली योजनाएं मुख्यतः घरेलू विकास और निर्यात क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से बनाई गई हैं, न कि किसी देश के व्यापार को प्रभावित करने के लिए। भारत पर जबरन श्रम या बड़े पैमाने पर डंपिंग के आरोप निराधार हैं। भारत का निर्यात ढांचा अभी भी चीन की तुलना में काफी संतुलित है और कई क्षेत्रों में वह वैश्विक बाजार की वास्तविक मांग पर आधारित है। फिर भी इस जांच का असर भारत के कुछ प्रमुख निर्यात क्षेत्रों जैसे- स्टील, ऑटो पार्ट्स, फार्मास्यूटिकल्स, केमिकल्स, टेक्सटाइल और आईटी हार्डवेयर पर पड़ सकता है।

भारत इस जांच में औपचारिक रूप से असहयोग का रास्ता नहीं अपना सकता, क्योंकि इससे अमेरिका को एकतरफा कार्रवाई का बहाना मिल जाएगा। बेहतर रणनीति यह होगी कि भारत तथ्यात्मक जवाब और कूटनीतिक संवाद के माध्यम से अपनी स्थिति स्पष्ट करे। भारत सरकार को चाहिए कि वह निर्यात बाजारों का विविधीकरण और घरेलू विनिर्माण की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ा कर समस्या का दीर्घकालिक समाधान खोजे। वैश्विक व्यापार की इस नई खींचतान में संतुलित और व्यावहारिक नीति ही भारत के हितों को सुरक्षित रख सकती है।

## प्रसंगवश

# इच्छामृत्यु: पीड़ा से कराहते मरीजों की मुक्ति साधन

इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पहली समहति देकर जनमानस में नई किस्म की बहस को जन्म दे दिया है। बहस ऐसी है, जिसमें सिर्फ भावनाओं का सैलाब उमड़ा हुआ है। गाजियाबाद निवासी 32 वर्षीय हरीश राणा की इच्छामृत्यु पर दिए सुप्रीम कोर्ट का निर्णय एक ऐसा भावनात्मक फैसला है, जो भारतीय न्याय व्यवस्था के इतिहास में पहली मर्तबा लिया गया। कोर्ट के आदेशानुसार इच्छा मृत्यु पर सभी प्रक्रियाएं बेशक मानवीय ढंग से और चिकित्सीय निगरान में होंगी, लेकिन फैसला देने वाली पीठ के जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन खुद भी भावुक हो गए। उन्होंने स्वीकारा कि ये निर्णय देना उनके लिए बहुत कठिन था, पर उन्हें अपने फैसले के जरिए एक व्यक्ति को उनके निष्क्रिय शरीर से होती अंतन पीड़ा से मुक्ति भी दिलवाना था, जिसका उन्होंने कानूनी सदाचार में रहकर अपना फर्ज निभाया।



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

कई यूरोपीय देशों में इच्छा मृत्यु का प्रावधान है। सबसे पहले 'यूथेनेशिया' को नीदरलैंड्स ने वैधता दी थी। वहां इसे 'यूथेनेशिया' नहीं, बल्कि अनुरोध पर जीवन की समाप्ति कहते हैं। बेल्जियम, कनाडा और स्विट्ज़रलैंड में भी इच्छामृत्यु वैध है, जबकि ये विषय बहुत विवादास्पद है। शायद भविष्य में भी हिंदुस्तान में इसे मान्यता न मिले। ये मामला अगस्त 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट से खारिज होकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था, लेकिन यहां भी जजों की एकमत राय नहीं थी। काफी विमर्श के बाद शीर्ष कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड को गठित करने का आदेश दिया।

रिपोर्ट में चिकित्सकों ने बताया कि हरीश का शरीर शत-प्रतिशत निष्क्रिय हो चुका है, इसलिए वह इच्छामृत्यु का हकदार है। इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने जीवन के असमय अंत की चाहत पर समकालीन स्वास्थ्य देखभाल में ऐसी प्रथाओं की भूमिका पर अनोखी बहस को छेड़ा है, जिसकी चर्चा लंबे समय तक होगी। यह बहस सभ्य समाज के कानूनी, नैतिक, मानवाधिकार, स्वास्थ्य, धार्मिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जटिलताओं और गतिशील पहलुओं को भी सोचने पर विवश करेगी।

इच्छामृत्यु शब्द की उत्पत्ति भारत में नहीं, ग्रीस में हुई थी, जिसका अर्थ होता है एक सुखद मृत्यु! कानून में 'जीवन का अधिकार' अनुच्छेद 21 में निहित है, जो एक प्राकृतिक अधिकार भी है, लेकिन आत्महत्या जीवन का अप्राकृतिक अंत है और इसलिए 'जीवन के अधिकार' की अवधारणा के साथ असंगत और विरोधाभासी भी है। भारत में आत्महत्या गैरकानूनी होने के बावजूद भी नहीं रुकती, लेकिन इच्छामृत्यु का नाम सुनकर न सिर्फ रोंगटे खड़े होते हैं, बल्कि भावनाओं का समुद्र हिचकौले मारने लगता है।

हरीश राणा का मामला सबसे इतर है। बीते 13 वर्षों से उनके दर्द भरे जीवन को और लंबा नहीं खींचा जा रहा है। हरीश को विरह भरे जीवन से मुक्ति दिलवाने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं है? शीर्ष अदालत ने हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति दे दी है, जिसे चिकित्सकीय निगरानी में उनकी अंतिम सांसों को प्राकृतिक बनाया जाएगा।

बेशक ये निर्णय पहला है, पर आखिरी हो? आखिरी इसलिए, अगर इच्छा मृत्यु पर निर्णय देने का सिलसिला आगे भी चला, तो इसके दुरुपयोग होने लगेंगे, क्योंकि समाज में नैतिकता और न्याय का पतन तेजी से जारी है। भारत के कोने-कोने में ऐसे असंख्य मामले भरे हैं, जहां बीमार बुजुर्गों के परिजन उनकी धन-दौलत, संपत्तियों पर कब्ज़ा करने के लिए उनके मरने के इंतजार में हैं। ऐसे में वो भी उनकी इच्छामृत्यु की चाह लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचने लगेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# क्रूड ऑयल और वैश्विक ऊर्जा संघर्ष





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में क्रूड ऑयल केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं रह गया है, बल्कि यह आर्थिक शक्ति, कूटनीतिक रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का एक महत्वपूर्ण साधन बन चुका है। औद्योगिक समाज की संरचना इस प्रकार विकसित हुई है कि परिवहन, उद्योग, रक्षा, बिजली उत्पादन और वैश्विक व्यापार जैसे लगभग सभी क्षेत्रों की ऊर्जा आवश्यकताएं किसी न किसी रूप में तेल पर निर्भर हैं। क्रूड ऑयल की उपलब्धता, उसकी कीमत और आपूर्ति की स्थिरता सीधे तौर पर वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक संबंधों को प्रभावित करती है। इस दृष्टि से क्रूड ऑयल को आधुनिक विश्व व्यवस्था का एक रणनीतिक संसाधन माना जाता है।

ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा ने कई अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों और राजनीतिक निर्णयों को प्रभावित किया है। मध्य-पूर्व क्षेत्र इसका प्रमुख उदाहरण है। सऊदी अरब, ईरान, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के पास विश्व के विशाल तेल भंडार मौजूद हैं। इसी कारण से यह क्षेत्र लंबे समय से वैश्विक राजनीति के केंद्र बने हुए हैं। ऊर्जा आपूर्ति के मार्गों, विशेष रूप से फारस की खाड़ी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य का रणनीतिक महत्व भी इसी संदर्भ में समझा जा सकता है। इन समुद्री मार्गों से होकर विश्व के बड़े हिस्से का तेल निर्यात होता है, इसलिए इस क्षेत्र में उत्पन्न होने वाला कोई भी सैन्य या राजनीतिक तनाव वैश्विक ऊर्जा बाजार को प्रभावित करता है।

सऊदी अरब, ईरान, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के पास विश्व के विशाल तेल भंडार मौजूद हैं। इसी कारण से यह क्षेत्र लंबे समय से वैश्विक राजनीति का केंद्र बने हुए हैं।

वर्तमान समय में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच तनाव भी ऊर्जा राजनीति से गहराई से जुड़ा हुआ है। ईरान मध्य-पूर्व का एक महत्वपूर्ण तेल उत्पादक देश है और उस पर लगाए गए अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों का सीधा प्रभाव वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ता है। अमेरिका लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसकी क्षेत्रीय नीतियों को लेकर दबाव बनाता रहा है। दूसरी ओर, इजरायल भी ईरान को अपनी सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा मानता है। जब भी इस क्षेत्र में सैन्य संघर्ष की आशंका बढ़ती है, तब वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता देखने को मिलती है और तेल की कीमतों में अचानक वृद्धि हो जाती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि ऊर्जा संसाधनों से जुड़ी घटनाएं केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक महत्व रखती हैं।

मध्य-पूर्व के अतिरिक्त लैटिन अमेरिका भी क्रूड ऑयल की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वेनेजुएला विश्व के सबसे बड़े तेल भंडारों वाले देशों में से एक है। पिछले कुछ वर्षों में वेनेजुएला की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों ने वहां के तेल उद्योग को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच लंबे समय से राजनीतिक मतभेद रहे हैं और अमेरिकी प्रतिबंधों ने वेनेजुएला की तेल अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है। इस स्थिति का प्रभाव वैश्विक तेल आपूर्ति और कीमतों पर भी पड़ा है, क्योंकि वेनेजुएला के तेल उत्पादन में किसी भी प्रकार का बदलाव अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा बाजार को प्रभावित करता है।


इसी प्रकार रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध ने भी वैश्विक ऊर्जा राजनीति को नए आयाम प्रदान किए हैं। रूस विश्व के प्रमुख ऊर्जा निर्यातकों में से एक है और यूरोप लंबे समय तक रूसी तेल और गैस पर निर्भर रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, जिनमें ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े प्रतिबंध भी शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप वैश्विक ऊर्जा व्यापार के मार्गों में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिले हैं। रूस ने अपने तेल निर्यात को एशियाई देशों, विशेष रूप से भारत और चीन, की ओर मोड़ दिया है। इस परिवर्तन ने वैश्विक ऊर्जा बाजार की संरचना को प्रभावित किया है और यह दर्शाया है कि क्रूड ऑयल अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में एक प्रभावी उपकरण के रूप में कार्य कर सकता है।

भारत जैसे विकासशील देशों के लिए क्रूड ऑयल की राजनीति का विशेष महत्व है। भारत विश्व के सबसे बड़े तेल आयातक देशों में से एक है और अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग अधिकांश हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा करता है, इसलिए वैश्विक तेल बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। यदि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि होती है, जिससे परिवहन लागत बढ़ती है और वस्तुओं के दामों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ती है और आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है।

भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई है। भारत विभिन्न देशों से तेल आयात करके अपनी ऊर्जा आपूर्ति को विविध स्रोतों से प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। रूस, सऊदी अरब, इराक और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के साथ ऊर्जा सहयोग इसी नीति का हिस्सा है। इसके अतिरिक्त भारत ने सामरिक तेल भंडार के निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा के विकास पर भी जोर दिया है, ताकि भविष्य में ऊर्जा संकट की स्थिति में देश की अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक दबाव न पड़े।


वर्तमान समय में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसी वैकल्पिक ऊर्जा प्रणालियों का विकास तेजी से हो रहा है, फिर भी निकट भविष्य में क्रूड ऑयल की वैश्विक भूमिका पूरी तरह समाप्त होने की संभावना नहीं है। विश्व की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं अभी भी पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर हैं और वैश्विक परिवहन प्रणाली का बड़ा हिस्सा तेल आधारित ईंधन पर आधारित है, इसलिए आने वाले दशकों में भी क्रूड ऑयल अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और आर्थिक नीति का एक केंद्रीय तत्व बना रहेगा। यह कहा जा सकता है कि क्रूड ऑयल आधुनिक विश्व राजनीति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावशाली संसाधन है।

## आमने सामने



ईरान नेशनल सॉकर टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी अपनी जान और सेफ्टी के लिए उनका वहां होना सही है। इस मामले पर ध्यान देने के लिए उनका धन्यवाद।
-डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतर्राष्ट्रीय इवेंट है। इसकी गवर्निंग बॉडी फीफा है, कोई एक देश नहीं। ईरान की नेशनल टीम, जिसमें ईरान के बहादुर बेटों की ताकत और कई अहम जीतें हैं, इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीमों में से एक थी।
-मोजतबा खामेनेई
सुप्रीम लीडर, ईरान



# 'डूबते' डेल्टा और संकट में भारत का भविष्य



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भारत की नदियां वास्तव में करोड़ों लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं, लेकिन ताजा मौसमी बदलाव, नदी के किनारे रहने वालों के लिए अस्तित्व का खतरा बन रहे हैं। गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी और गोदावरी जैसे विशाल नदी तंत्रों ने हज़ारों वर्षों में अपनी लाई गई उपजाऊ मिट्टी यानी गाद से भारत के पूर्वी तट पर विशाल डेल्टाओं का निर्माण किया है। ये डेल्टा न केवल करोड़ों लोगों का घर हैं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी हैं। ये तटीय क्षेत्र जैव विविधता के केंद्र होने के साथ-साथ प्रकृति का एक ऐसा अनमोल संतुलन हैं, जो समुद्र और जमीन के बीच एक सुरक्षा कवच का काम करते हैं।

प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका 'नेचर' में प्रकाशित हालिया रिपोर्टों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है, जिसे नजरअंदाज करना अब संभव नहीं है। यह रिपोर्ट बताती है कि भारत के प्रमुख नदी डेल्टा और उनके किनारे तेजी से डूब रहे हैं। कई स्थानों पर जमीन के डूबने की दर वैश्विक समुद्र स्तर में वृद्धि की दर से भी अधिक है। यह संकट केवल जलवायु परिवर्तन और समुद्र के स्तर के बढ़ने का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे मानवीय गतिविधियां मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

भारत के प्रमुख नदी डेल्टा और उनके किनारे तेजी से डूब रहे हैं। इसके पीछे मानवीय गतिविधियां मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

वैज्ञानिक भाषा में इसे 'भूमि अवतलन' कहते हैं। इसका मतलब है जमीन का अपनी जगह पर नीचे धंस जाना। जब समुद्र का स्तर ऊपर उठता है और साथ ही साथ जमीन नीचे बैठती है, तो तटीय इलाकों पर दोतरफा खतरा मंडराने लगता है। नेचर की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा-ब्रह्मपुत्र, गोदावरी, महानदी और कृष्णा डेल्टा अत्यधिक संवेदनशील हैं। इसका सबसे बड़ा कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जब हम जमीन के नीचे से पानी निकालते हैं, तो पानी की जगह खाली हो जाती है। यह पानी मिट्टी के कणों के बीच एक दबाव बनाए रखता है। जब यह पानी निकाल लिया जाता है, तो ऊपर की मिट्टी का भार उन कणों को दबा देता है, जिससे जमीन धंसने लगती है।

डेल्टा क्षेत्र घनी आबादी वाले हैं, जहां खेती और उद्योगों के लिए पानी की भारी मांग है। कोलकाता जैसे शहर, जो गंगा डेल्टा पर स्थित हैं, इसका प्रमुख उदाहरण हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन क्षेत्रों में जितना पानी रिचार्ज यानी फिर से भरना नहीं हो पाता, उससे कहीं ज्यादा निकाला जा रहा है। शहर की बढ़ती प्यास को बुझाने के लिए गहरे नलकूपों का सहारा लिया जा रहा है, जिससे भूमिगत जलस्तर खतरनाक स्तर तक गिर गया है।

ब्राह्मणी और महानदी के डेल्टा सबसे चिंताजनक स्थिति में हैं। नेचर के डेटा के अनुसार, इन दोनों नदियों के डेल्टा क्षेत्र अत्यंत तेजी से डूब रहे हैं। इसका कारण इन नदियों की भौगोलिक संरचना और उन पर मानवीय हस्तक्षेप है। महानदी, जो छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के सिहावा पर्वत से निकलकर, छत्तीसगढ़ और ओडिशा से बहती हुई बंगाल की खाड़ी में विसर्जित होती है, ने हजारों वर्षों से तटीय मैदानों का निर्माण किया है, लेकिन अब हीराकुंड जैसे बड़े बांधों के कारण, महानदी अपनी उपजाऊ गाद समुद्र तक नहीं पहुंचा पा रही है। ब्राह्मणी नदी, जो झारखंड में कोयल और शंख नदियों के मिलन से बनती है और ओडिशा के तट पर विसर्जित होती है, भी इसी समस्या से जूझ रही है। बांधों की वजह से गाद की आपूर्ति रुकने से डेल्टा का प्राकृतिक नवीनीकरण बंद हो गया है और समुद्र की लहरें इसे तेजी से निगल रही हैं।


नदियां केवल पानी नहीं लातीं, वे अपने साथ हिमालय और अन्य पहाड़ों से महीन मिट्टी और तलछट यानी सेडिमेंट लाती हैं। यह गाद डेल्टा के किनारे पर जमा होकर नई जमीन बनाती है और उसे समुद्र के स्तर से ऊपर रखती है। प्राकृतिक रूप से डेल्टा का विकास गाद के जमा होने से होता है। पिछले कुछ दशकों में नदियों पर बने बड़े बांधों और बैराजों ने इस प्रक्रिया को रोक दिया है। बांधों में गाद जमा हो जाती है और नदियों का बहाव धीमा होने से वह डेल्टा तक नहीं पहुंच पाती। जब गादविहीन पानी समुद्र की ओर बहता है, तो उसमें मिट्टी को काटने की शक्ति अधिक होती है।

यह पानी डेल्टा के किनारों को तेजी से काटता है, जिससे तटीय क्षरण यानी कोस्टल इरोज़न होता है। बांधों ने नदियों की प्राकृतिक कार्यप्रणाली को बदल दिया है, जिससे समुद्र किनारे का संतुलन बिगड़ गया है। डेल्टा क्षेत्र में तेजी से शहरों का विस्तार हो रहा है। गगनचुंबी इमारतें, सड़कें, पुल और बंदरगाहों का निर्माण मिट्टी पर भारी दबाव डालता है। नरम जलोढ़ मिट्टी यानी अलुवियल सॉइल इस अतिरिक्त भार को सहन नहीं कर पाती और धीरे-धीरे नीचे बैठने लगती है। शहरीकरण के कारण कंक्रीटीकरण बढ़ गया है, जिससे पानी जमीन के अंदर नहीं जा पाता और भूजल का पुनर्भरण रुक जाता है। यह केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं है, बल्कि एक बड़ा मानवीय संकट है। 'नेचर' की रिपोर्टें चेतावनी देती है कि यदि हमने अपनी विकास नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो परिणाम भयावह होंगे। तटीय समुदाय पहले से ही गरीबी और मौसम की मार झेल रहे हैं, और यह नया संकट उन्हें और अधिक हाशिए पर धकेल देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# तालिबान और मासूम नूरी



छोटी सी नूरी के पिता ख़तम हो जाते हैं। घर में कमाने वाला कोई नहीं बचता। भूख, बेबसी और अनिश्चितता से भरे दो साल तक नूरी किसी तरह अपनी मां और छोटी बहनों के साथ सर्वाइव करती है। फाकाकशी इतनी बढ़ जाती है कि भूखों मरने की नौबत आ जाती है।



वाचस्पति शर्मा
सीरियस व्यंग्यकार

अंततः नूरी कैंची उठाती है और अपने बाल काटकर पश्तो टोपी पहनकर लड़के का भेश बनाकर काम ढूंढने निकल पड़ती है। नाम बताती है 'नूर मोहम्मद'। वो दो साल तक एक रोडसाइड ढाबे पे लड़का बनकर काम करती है और फिर कोई लोकल आदमी तालिबानी अथॉरिटी को नूरी की सच्चाई बता देता है।

तालिबानी आकर नूरी को उठाकर जेल में डाल देते हैं। नूरी का क्राइम बताया कि वो लड़की होने के बावजूद काम क्यों रही थी। अभी 13 साल की छोटी सी नूरी जेल में है।

सोचिए उस छोटी सी बच्ची ने दो साल तक किस कदर मानसिक, आर्थिक और शारीरिक शोषण सहा होगा? किसी भी तानाशाही, धार्मिक, कट्टरवादी सत्ता का सबसे पहला शिकार औरतें और बच्चे होते हैं। ये कोई दूर देश की कहानी नहीं है, अगर हम अपने समाज में झांकें तो नूरी से भी कही ज्यादा वीभत्स कहानियां देखने को मिल जाएंगी, लेकिन हमारी स्थिति उनसे इस लिहाज से और भी ज्यादा बदतर है। हमने 'महिलाओं की आज़ादी' का नारा लगाकर उनकी पीड़ा को सामान्य बना लिया है और देश का एक बड़ा तबका यथास्थित से पूरी तरह संतुष्ट है और इसके समर्थन में है, जबकि सच्चाई ये है कि अपने यहां ऐसी तमाम नूरियां शहर-शहर, गांव-गांव में दिन रात पिस रही हैं।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 860 मिलियन से अधिक डिजिटल हेल्थ आईडी बनाई जा चुकी हैं। यह विशाल डेटाबेस अब एआई की मदद से टीबी जैसी बीमारियों की पहचान एक्स-रे के जरिए पल भर में संभव हो रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में गेम-चेंजर साबित हो रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में एआई को एकीकृत करने के तरीके पर एसएएचआई, एक सिफारिशी राष्ट्रीय ढांचे के रूप में कार्य करती है। राष्ट्रीय ढांचे के रूप में शुरू की गई एसएएचआई, पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा वितरण में एआआई को एकीकृत करने के लिए एक संरचित रोडमैप की रूपरेखा पेश करती है। इसका मकसद नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और प्रौद्योगिकी विकासकर्ताओं को एआई को जिम्मेदारी से अपनाने के लिए मार्गदर्शन देना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नवाचार नैदानिक आवश्यकताओं, नियामक मानकों, समानता संबंधी विचारों और जनविश्वास के अनुरूप हो।



डॉ. ओपी त्रिपाठी
लेखक

प्रएसएएचआई समावेशी विकास को अपना मुख्य लक्ष्य बनाती है, जिसके तहत जनहित के उद्देश्य से इस अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग की ज़रूरत पर बल देते हुए विकसित भारत 2047 का निर्माण करने पर ज़ोर दिया जाता है। यह रणनीति स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ, समयबद्ध, उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती बनाने में एआई की बदलावकारी भूमिका और क्षमता को पहचानती है, इसे एक शक्तिशाली नवोन्मेषी शक्ति के साथ-साथ जन स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक सहायक के रूप में देखती है।

